**Dabang Dunia (Indore), 2nd January 2020, Page-2**

## डॉ. माथुर को दूसरी बार नहीं मिला एक्सटेंशन

# जैन बने आईआईटी के ऑफिशिएटिंग डायरेक्टर

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर



इंदौर स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी-आई) के नए ऑफिसिएटिंग डायरेक्टर प्रो. नीलेशकुमार जैन होंगे। ये आईआईटी इंदौर में ही मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर हैं। उनके पास आईआईटी के सारे अधिकार, यानी फाइनेंशियल अधिकार भी रहेंगे। इस प्रकार 31 दिसंबर को कार्यकाल खत्म कर चुके डॉ. प्रदीप माथुर को दूसरी बार एक्सटेंशन नहीं मिला।

आईआईटी के चेयरमैन प्रो. दीपक फाटक ने बताया कि मानव संसाधन व विकास विभाग ने स्थायी डायरेक्टर के नाम की घोषणा तक इन्हें कार्यभार सौंपा है। सामान्यतः प्रभारी डायरेक्टर नियुक्त किया जाता है, जिसके पास फाइनेंशियल पॉवर नहीं होता, लेकिन ऑफिशिएटिंग डायरेक्टर की नियुक्ति के बाद आईआईटी का काम रुकेगा नहीं।

## दल ने की थी कार्यकाल की समीक्षा

आईआईटी में डायरेक्टर डॉ. प्रदीप माथुर का पहला कार्यकाल दिसंबर 2014 में ही पूरा हो चुका था। उसके बाद वैज्ञानिक डॉ. अनिल काकोडकर, प्रो. टीपी डोगरा व प्रो. किरण मजूमदार सहित चार सदस्यीय दल ने वर्तमान डायरेक्टर के कार्यकाल की समीक्षा शिक्षकों, स्टाफ व विद्यार्थियों से बात के आधार पर की थी। उसके बाद फिर डॉ. माथुर को 31 दिसंबर 2019 तक फिर नियुक्त किया था। इस बार भी वे जुलाई 2020 तक एक्सटेंशन चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।